मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-497
04/10/2025

# प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से युवा संवाद तथा बिहार के शिक्षा एवं कौशल विकास से जुड़ी युवा केन्द्रित योजनाओं के शुभारंभ/उद्घाटन/शिलान्यास/ लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार

पटना, 04 अक्टूबर 2025 :– आज नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से युवा संवाद तथा बिहार के शिक्षा एवं कौशल विकास से जुड़ी युवा केन्द्रित योजनाओं के शुभारंभ/उद्घाटन/शिलान्यास/लोकार्पण कार्यक्रम में 1,अणे मार्ग स्थित 'संकल्प', पटना से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार शामिल हुये।

आज के कार्यक्रम में पुनर्निर्मित बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ, वर्ग 9–10 के 25 लाख विद्यार्थियों को डी0बी0टी0 के माध्यम से 450 करोड़ रूपये की छात्रवृति राशि का हस्तांतरण, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये 'बिहार युवा आयोग' का शुभारंभ, 'मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना' के लाभुकों को राशि का वितरण, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय का उद्घाटन एवं एन0आई0टी0, पटना के बिहटा कैंपस का लोकार्पण प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। साथ ही पी0एम0–उषा अभियान के तहत बिहार के चार विश्वविद्यालयों– पटना विश्वविद्यालय, पटना, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा और नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय, पटना में नई शैक्षणिक एवं अनुसंधान सुविधाओं का शिलान्यास तथा नवचयनित 3942 युवाओं को नियुक्ति पत्र का वितरण भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार सरकार एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य के युवाओं के लिये किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि आज देशभर के आई0टी0आई0 टॉपर्स के लिए कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी इन संस्थानों के छात्र–छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया है, इस अवसर पर मैं उनका स्वागत एवं अभिनंदन करता हूं। साथ ही इस कार्यक्रम में उपस्थित एवं इस कार्यक्रम में जुड़े हुए सभी लोगों का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आदरणीय प्रधानमंत्री जी द्वारा आज युवाओं के कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण हेतु देशभर एवं बिहार के लिए 11 कार्यक्रम एवं योजनाओं का शुभारंभ, उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है। बिहार में युवा आयोग तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना तथा एन0आई0टी0, पटना के बिहटा कैंपस का लोकार्पण शामिल है। साथ ही बिहार

के युवाओं को नौकरी का नियुक्ति पत्र एवं 25 लाख छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति वितरण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने बिहार में 19 नये केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति दी है। इन सभी योजनाओं से बिहार के युवाओं को काफी फायदा होगा। इन सबके लिए मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी का हृदय से नमन करता हूं। हम आपको बताना चाहते हैं कि शुरू से ही बिहार में युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के लिए काम किया है। वर्ष 2015 में सात निश्चय के तहत युवाओं के लिए बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम चलाए गए जिनका अब विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 में सात निश्चय–2 के तहत युवाओं को 10 लाख नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया और अबतक 10 लाख नौकरी और 40 लाख रोजगार दे दिया गया है। सभी को मिलाकर 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार दे दिया गया है और अब हमलोगों के द्वारा ये तय कर दिया गया है कि अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को नौकरी, रोजगार दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहलेवाली सरकार ने कोई काम नहीं किया था। पहले बहुत बुरा हाल था। जब 24 नवंबर, 2005 को एन0डी0ए0 की सरकार बनी थी, तब से हमलोग बिहार के विकास में लगे हुए हैं और राज्य में कानून का राज है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है, चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो, सभी क्षेत्रों में काम हो रहा है। बिहार के विकास में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। आगे बिहार में और ज्यादा काम होगा और देश की प्रगति में बिहार महत्वपूर्ण योगदान देगा। अंत में इस कार्यक्रम में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का पुनः अभिनंदन करता हूं और उन्हें धन्यवाद देता हूं।

कार्यक्रम के दौरान बिहार में शिक्षा की प्रगति एवं युवाओं के लिये किये गये कार्यों पर आधारित एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गयी।

कार्यक्रम के दौरान बिहार के युवाओं ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के समक्ष अपना अनुभव साझा किया। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का लाभ लेनेवाली पटना निवासी सुश्री कुमारी रंजना जिन्होंने ए0एन0 कॉलेज से जियोलॉजी में ग्रेजुएशन किया है तथा वैशाली जिला निवासी श्री अतुल राज जिन्होंने साइंस कॉलेज पटना से ग्रेजुएशन किया है, इन दोनों ने अपना अनुभव साझा करते हुये प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को आगे की परीक्षा की तैयारी हेतु सहायता देने एवं भविष्य संवारने के लिये धन्यवाद दिया। साथ ही पटना के न्यू बहादुरपुर की रहनेवाली सुश्री अंजु कुमारी एवं सहरसा जिला के सिमरी बख्तियारपुर के रहनेवाले मो0 साकिब अहमद बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ रहे हैं, इन लोगों ने अपने अनुभव साझा करते हुये प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुये कहा कि हमलोग आर्थिक असुविधा के कारण उच्च शिक्षा नहीं ग्रहण कर पाते अगर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी का सहयोग नहीं मिला होता।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ श्री ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री श्री सुनील कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, अपर मुख्य सचिव समान्य प्रशासन डॉ0 बी0 राजेन्दर, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह एवं शिक्षा विभाग के सचिव श्री अजय यादव उपस्थित थे।

******